झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/35/22 – 102 ,राँची/दिनांकः 21/11/2022

नर्सिंग पाठ्यक्रम GNM, के द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से सम्बंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय उपचर्या परिषद (Indian Nursing Council), नई दिल्ली के अधिसूचना संख्या– F.No. 1-6/ (LT)-2022-INC दिनांक 27.10.2022 द्वारा शैक्षणिक वर्ष–2022–23 के नर्सिंग पाठ्यक्रम में नामांकन की अंतिम तिथि 31.10.2022 को दिनांक 31.11.2022 तक विस्तारित की गयी है।

2. उपरोक्त के आलोक में एतद् द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों GNM, के नर्सिंग संस्थानों में नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थियों, सम्बंधित अभिभावकों एवं सम्बंधित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि पर्षद द्वारा राजकीय नर्सिंग संस्थान के लिए आयोजित प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरांत रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध नामांकन की अनुशंसा के लिए द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित की जा रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–10/नर्सिंग–10–06/2015(खण्ड–1)–388(10) दिनांक–11.11.2022 के द्वारा राज्य के निजी नर्सिंग संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों की कुल संख्या पर्षद को उपलब्ध करायी गयी है। रिक्त सीटों की कोटिवार विवरणी की माँग पर्षद द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची से की गयी है। कोटिवार सीटों की विवरणी प्राप्त होने पर निजी नर्सिंग संस्थानों में कोटिवार सीटों का आवंटन किया जायेगा अन्यथा इन संस्थनों में सामान्य मेधा क्रमानुसार सीटों का आवंटन किया जायेगा।

3. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों में से अपने लिये संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "All Online Counselling JCECEB-2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों के चयन कर लें। अभ्यर्थियों को संस्थान/संस्थानों का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

4. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम चक्र साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। **यदि द्वितीय साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

Time-schedule for 2nd Round of Online Counseling for GNM Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of Seat Matrix	22.11.2022
2.	Online Registration, Uploading of Certificates/ Documents and Choice Filling for seat Allotment	22.11.2022 to 24.11.2022
3.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	26.11.2022 to 30.11.2022
4.	Certificates Documents Verification and Admission in the concerned Nursing Institute	26.11.2022 to 30.11.2022

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक